**Series BPRPR/3** **SET~1**

प्रश्न–पत्र कोड **4/3/1**

रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **8** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ब)

# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 40*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **8** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **दो** खण्ड हैं – **खण्ड क** और **खण्ड ख** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में कुल **3** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में कुल **5** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।*

*(v)* *प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(क) 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए कि पशु-प्रवृत्ति क्या है और सच्चा मनुष्य किसे कह सकते हैं ।

(ख) कवि ने झरने के 'झर-झर' स्वर में क्या कल्पना की है ? 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए ।

(ग) 'कर चले हम फ़िदा' शीर्षक कविता के आधार पर सैनिकों की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

**2.** निम्नलिखित दो प्रश्नों में से किसी ***एक*** प्रश्न का उत्तर लगभग 60 – 70 शब्दों में लिखिए : *1×4=4*

(क) आज की भाग-दौड़ भरी ज़िन्दगी में मानसिक रोग से ग्रसित लोगों की संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है । आपके विचार से इसके कौन-कौन से कारण हो सकते हैं और उनसे कैसे बचा जा सकता है ? 'झेन की देन' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

(ख) 'वज़ीर अली जैसे जाँबाज़ों के कारण ही हम आज़ाद हैं' — इस कथन के पक्ष में अपने विचार 'कारतूस' एकांकी के संदर्भ में लिखिए ।

**3.** पूरक पाठ्य-पुस्तक 'संचयन' के निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

(क) 'समाज में रिश्तों से अधिक महत्त्व धन का है ।' 'हरिहर काका' कहानी के संदर्भ में इस कथन की सत्यता सिद्ध कीजिए ।

(ख) यदि आपको पी.टी. मास्टर बना दिया जाए, तो आपका अपने विद्यार्थियों के प्रति व्यवहार कैसा होगा ? 'सपनों के-से दिन' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

(ग) 'रिश्तों की बुनियाद 'प्रेम' है ।' इस कथन को 'टोपी शुक्ला' पाठ से उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

## खण्ड ख

## (लेखन)

**4.** निम्नलिखित विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *1×6=6*

(क) संचार साधन

- संचार के प्रमुख साधन
- संचार साधनों का जाल
- घर बैठे दूर-दराज की ख़बर मिनटों में

(ख) वर्तमान खेती में ज़हर

- दवाओं और कीटनाशकों का भरपूर उपयोग
- बंजर भूमि का फैलाव
- जैविक खेती की माँग

(ग) मित्र हो तो ऐसा

- सच्चा दोस्त कौन
- हर मुसीबत का साथी
- प्रशंसा के लायक

**5.** (क) आप अंजू/अनंत हैं । गाड़ियों से बढ़ते प्रदूषण के प्रति ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी दैनिक हिन्दी समाचार-पत्र के संपादक के नाम लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप शिखा/अनादि हैं । आपने एक सप्ताह पहले स्पीड पोस्ट से एक पार्सल अपने मित्र को भेजा था जो उसे अभी तक नहीं मिला है । इसकी शिकायत करते हुए पोस्टमास्टर को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**6.** (i) (क) आप पावनी/विपुल हैं । आप 'निवासी कल्याण संघ' के सचिव हैं । आप सोसायटी में पेड़-पौधे लगाकर उसे हरा-भरा रखना चाहते हैं । इसके लिए आगामी रविवार को वृक्षारोपण समारोह का आयोजन सोसायटी में किया जा रहा है । इसकी जानकारी देते हुए लगभग 50 शब्दों में सूचना लिखिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) आप सुमिरन/परमजीत हैं । विद्यालय में कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । इसके लिए लगभग 50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

(ii) (क) आप वल्लरी/तुषार हैं । आपके विद्यालय में हिन्दी-दिवस मनाया जाने वाला है । इसकी सूचना लगभग 50 शब्दों में लिखिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) आप रूपाली/निष्काम हैं । आप 'निवासी कल्याण संघ' के सचिव हैं । आपने सोसायटी में बच्चों के लिए झूलों की व्यवस्था की है । इसकी जानकारी के लिए लगभग 50 शब्दों में सूचना लिखिए । $2\frac{1}{2}$

**7.** (i) (क) कोई कंपनी बाज़ार में नया 'ज्योमैट्री बॉक्स' उतारना चाहती है । उसकी बिक्री के लिए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) आप तीन कमरे वाला घर किराए पर लेना चाहते हैं । इसके लिए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

(ii) (क) प्रदूषण पर रोकथाम लगाने के लिए भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय की ओर से एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) लोगों में सामाजिक दूरी बनाए रखने और मास्क का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने वाला एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**8.** निम्नलिखित विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 120 शब्दों में लघुकथा लिखिए : *1×5=5*

(क) सूरज ढलने लगा । सुनसान जंगल, ... पेड़ों के पत्ते बतिया रहे थे । आगे बढ़ने की हिम्मत नहीं हुई ......

**अथवा**

(ख) देरी होने के कारण मैं तेज़-तेज़ चलकर विद्यालय समय पर पहुँचने का प्रयास कर रही थी कि अचानक ......